# ऐसा दो विश्वास प्रभु कभी दर ये तुम्हारा छुटे ना भजन लिरिक्स

ऐसा दो विश्वास प्रभु,
कभी दर ये तुम्हारा छुटे ना,
चमत्कार कुछ ऐसा करो की,
ये बेटा तुमसे रूठे ना।bd।

तर्ज – भला किसी का कर ना।

---

तेरी मेरी प्रीत पुरानी,
याद है या फिर भूल चुके,
या बाबा आँखों में तुम्हारे,
बनकर के हम शूल चुभे,
तूने लिखी थी किस्मत जो,
किसी और के हाथों टूटे ना,
चमत्कार कुछ ऐसा करो की,
ये बेटा तुमसे रूठे ना।bd।

---

सदा ही रखा मान मेरा,
हर वक्त हर घड़ी पग पग पे,
बनके लहू तेरी भक्ति सांवरा,
बहती थी मेरी रग रग में,
तेरी कृपा से भरी जो गागर,
किसी भी कारण फूटे ना,
चमत्कार कुछ ऐसा करो की,
ये बेटा तुमसे रूठे ना।bd।

---

मान लिया सब गलती मेरी,
मैं नालायक बेटा हूँ,
हाथ पकड़ के हाथ ना छोड़ो,
माना सिक्का खोटा हूँ,
तूने दिया है 'विकास' को जो कुछ,
कोई और इसे लुटे ना,
चमत्कार कुछ ऐसा करो की,
ये बेटा तुमसे रूठे ना।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ऐसा दो विश्वास प्रभु,
कभी दर ये तुम्हारा छुटे ना,
चमत्कार कुछ ऐसा करो की,
ये बेटा तुमसे रूठे ना।bd।

**Singer & Lyrics – Vikash Kapoor**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com